समाचार

# आर्ट इन द पार्क– चित्रकला प्रतियोगिता

## प्रतियोगिता को मिला अभूतपूर्व प्रतिसाद, उमड़ी लोगों की भीड़

## (महापौर, कलेक्टर, सीईओ, आयुक्त सहित जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने की शिरकत)




कोरबा 13 फरवरी 2016– स्वच्छता के प्रति जनसहभागिता व जन सहयोग की थीम पर नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा आयोजित स्वच्छता संदेश आधारित चित्रकला पेंटिंग प्रतियोगिता को अभूतपूर्व प्रतिसाद प्राप्त हुआ तथा कार्यक्रम में प्रतिभागिता हेतु छात्र–छात्राओं, बच्चों व आम नागरिकों के उत्साह ने जनसहभागिता का उत्कृष्ट स्वरूप प्रस्तुत किया। आयोजन में महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल, कलेक्टर श्री पी.दयानंद, जिला पंचायत सीईओ श्री विलास संदीपन भोस्कर व आयुक्त श्री अजय कुमार अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने शिरकत की।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा जनसहयोग के माध्यम से उत्कृष्ट पहल करते हुए विवेकानंद उद्यान (अप्पू गार्डन) में स्वच्छता की थीम पर विभिन्न आयवर्ग छात्र–छात्राओं के चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन आज किया गया। इस प्रतियोगिता के दौरान जनसहयोग, जनसहभागिता एवं स्वच्छता के प्रति लोगों के उत्साह का उत्कृष्ट स्वरूप देखने को मिला तथा आयोजन में उम्मीद से अधिक प्रतिभागियों एवं आम नागरिकों ने अपनी सहभागिता प्रदान की एवं कार्यक्रम को बेहद सफल व सार्थक बनाया। इस मौके पर महापौर श्रीमती अग्रवाल ने विद्यालय को छात्र–छात्राओं को अपनी शुभकामनाएं दी तथा आयोजन में सहयोग देने वाले सभी जनों को धन्यवाद दिया। कलेक्टर श्री पी.दयानंद ने इस मौके पर कहा कि निश्चित रूप से आज का आयोजन ऐतिहासिक आयोजन है तथा आर्ट इन द पार्क कार्यक्रम का उत्कृष्ट स्वरूप यहां`देखने को मिला। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के लिए आज जो कार्य किया गया है तथा जिस प्रकार से आमजन की सहभागिता प्राप्त हुई है। इसका संदेश दूर–दूर तक जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी की मंशा के अनुरूप स्वच्छ भारत मिशन के इस अभियान में हम निरंतर कार्य करते रहेंगे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में भी हमें आमजन की सहभागिता इसी प्रकार प्राप्त होती रहेगी। आयुक्त श्री अजय कुमार अग्रवाल ने कार्यक्रम में सहभागिता एवं सहयोग हेतु सभी का आभार व्यक्त किया तथा विश्वास जताया कि भविष्य में भी हमें सबका मार्गदर्शन, सुझाव व सहयोग प्राप्त होता रहेगा।

**महापौर, कलेक्टर ने किया उत्साह वर्धन** – कार्यक्रम में महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल, कलेक्टर श्री पी.दयानंद, जिला पंचायत सीईओ श्री विलास संदीपन भोस्कर, आयुक्त श्री अजय कुमार अग्रवाल ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया तथा उद्यान में घूम–घूम कर बच्चों के चित्रकला कौशल का अवलोकन किया एवं उनका उत्साह बढ़ाया। आयोजन में श्रीमती शैलजा दयानंद पाण्डेय, श्रीमती प्रीति भोस्कर, श्रीमती अंकिता अग्रवाल ने भी अपनी विशेष उपस्थिति प्रदान की तथा पेंटिंग का कार्य भी किया।

**<u>विद्यालयों के बच्चों ने दी सहभागिता</u>** – इस महत्वपूर्ण आयोजन में 25 से अधिक विद्यालयों के लगभग 800 से अधिक छात्र–छात्राओं ने वहां चित्रकला का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में डीडीएम पब्लिक स्कूल, न्यू एरा प्रोग्रेसीव जूनियर व सीनियर, निर्मला इंग्लिश स्कूल, केंद्रीय विद्यायल, डीपीएस एन.टी.पी.सी. एवं बालको, सेन्ट थामस दीपका, मोन्टेंशरी स्कुल टी.पी. नगर , सरस्वती शिशु मंदिर कोरबा पूर्व, डीएव्ही स्कूल, एमजीएम बालको, सेन्टविसेन्ट पेलोटी, लायंस विद्यालय टी.पी.नगर, अग्रसेन विद्यालय, इम्प्रेसीव स्कूल, जैन पब्लिक स्कूल, सेन्टजेवियर पब्लिक स्कूल, लिटिल स्टेप प्ले स्कूल, गोल्डन पब्लिक स्कूल, अंधरी कछार विद्यालय, विद्युतगृह उ.मा. विद्यालय, बिकन स्कूल, दिव्य ज्योति स्कूल सहित अन्य विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने भागीदारी निभाई।

**<u>विभिन्न वर्गों में दिए गये पुरस्कार</u>** – यह प्रतियोगिता तीन वर्गों में आयोजित की गई थी। ग्रुप ए, ग्रुप बी व ग्रुप सी में आयोतित की गई थी। ग्रुप ए में कक्षा 1 से 5 तक, ग्रुप बी में कक्षा 6 से 8 तक, ग्रुप सी में कक्षा 9 से उपर वर्ग के छात्र छात्राओं ने भागीदारी निभाई। प्रतियोगिता पश्चात निर्णायकों द्वारा प्रथम द्वितीय तृतीय पुरस्कार हेतु प्रतिभागियों का चयन किया गया। ग्रुप ए में किरण खैरवार को प्रथम,प्रियंका सिंह को द्वितीय तथा हर्षिता अग्रवाल को तृतीय पुरस्कार दिया गया। इसी प्रकार ग्रुप बी में ज्योत्सना कुर्रे को प्रथम, बबीता मजूमदार को द्वितीय, श्रद्धा अग्रवाल को तृतीय, विशाल सिंह को चतुर्थ पुरस्कार मिले वहीं ग्रुप सी में किरण साहू प्रथम, अशोक कुमार द्वितीय एवं निकेश अनंत को तृतीय पुरस्कार दिए गये। इन पुरस्कृत प्रतिभागियों को कलेक्टर श्री पी.दयानंद ने पुरस्कार प्रदान किए।

**<u>व्यवसायिक प्रतिष्ठानों ने दिया सहयोग</u>** – इस महत्वपूर्ण आयोजन में जनसहयोग का उत्कृष्ट स्वरूप देखने को मिला विभिन्न व्यवसायिक प्रतिष्ठानों ने इस आयोजन में खूले मन से अपना सहयोग प्रदान किया। आयोजन में अनोपचंद त्रिलोकचंद ज्वेलर्स, सीएससी ग्रुप, परी इलेक्ट्रानिक्स, अग्रवाल शू पैलेस, चशमा घर, इवरीडे, पिडी लाईट, गोल्डन लीफ, मधु स्वीट्स, चाहत फैशन, सत्यम बेकर्स, हिन्दुस्तान यूनिलिवर लिमिटेड, डिलिशियस वर्ल्ड रेस्टोरेन्ट, आरबी ट्रेडर्स, शारदा टेलिकॉम, आर.के.स्टुडियो, लक्ष्मी स्टोर्स आदि ने अपनी प्रमुख सहभागिता प्रदान की।

**<u>पहल स्वयंसेवी संस्था की महत्वपूर्ण भूमिका</u>** – इस महत्वपूर्ण आयोजन में सदैव की भांति पहल स्वयंसेवी संस्था के अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका रही। संस्था के प्रमुख एवं वार्ड क्र 2 के पार्षद श्री विकास अग्रवाल ने संस्था के सदस्यों एवं वार्ड क्र 2 के स्वच्छता दूतों के साथ संपूर्ण आयोजन में अपनी केंद्रीय भूमिका का निर्वहन किया तथा आयोजन को उत्कृष्टतम स्वरूप प्रदान करने में अपनी महत्वपूर्ण सहभागिता प्रदान की।

**<u>पैरेन्ट पार्टिशिपेशन को मिला प्रतिसाद</u>** – इस आयोजन के दौरान विवेकानंद उद्यान के मिनी ट्रेन परिसर में विद्यालयीन छात्र–छात्राओं के साथ आने वाले उनके अभिभावकों एवं आम नागरिकों के लिए स्थल सुरक्षित किया गया था जहां पर स्वच्छता कार्यों से संबंधित पैरेन्ट पार्टिशिपेशन को रखा गया था। कार्यक्रम में पैरेन्ट पार्टिशिपेशन को अच्छा प्रतिसाद प्राप्त हुआ तथा लगभग 350 लोगों ने इसमें अपनी सहभागिता दी तथा स्वच्छता व पेटिंग का कार्य किया। पैरेन्ट पार्टिशिपेशन में एलिजाबेथ खलखो, प्रीति श्रीवास, रितु बुधिया, शैलेन्द्र सिंह, राना मित्रा, पोन्दावाई, कौशल शर्मा, दिलेश्वरी खुंटे, रश्मि वर्मा, शंकर दास महंत, आर.पी. पटनायक, सरिता प्रधान आदि को विशेष रूप से पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया।

संपादकव्यूरोचीफ......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित

**( रावेन्द्र सिंह )**
सहायक जनसंपर्क अधिकारी
**नगर पालिक निगम**
कोरबा (छ.ग.)